## प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 17.03.2024

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

### थाना ईसानगर पुलिस द्वारा, 900 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर 01 नफर अभियुक्त बब्लू पुत्र बाबर को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना ईसानगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 17.03.2024 को बब्लू पुत्र बाबर उम्र करीब 25 वर्ष नि0ग्राम मितौला (हसनपुर कटौली) थाना ईसानगर जिला खीरी को नशीले पदार्थ (900 ग्राम गांजा) के साथ हसनपुर कटौली से सरपतहा जाने वाली डामर रोड पर रपटा पुल के आगे तिराहा से गिरफ्तार किया। अभियुक्त बब्लू उपरोक्त के विरुद्ध थाना ईसानगर पर मु0अ0सं0 093/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. बब्लू पुत्र बाबर उम्र करीब 25 वर्ष नि0ग्राम मितौला(हसनपुर कटौली) थाना ईसानगर जिला खीरी ।

**बरामदगीः-**

1. अभियुक्त के कब्जे से अवैध 900 ग्राम गांजा बरामद।

**आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 277/2022 धारा 457/380/411 भादवि0 थाना ईसानगर जनपद खीरी
2. मु0अ0सं0 093/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना ईसानगर जनपद खीरी

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री अबलीश कुमार  थाना ईसानगर जिला खीरी ।
2.का0 अक्षय राणा थाना ईसानगर जिला खीरी ।
3.एचजी त्रिवेणी पाठक थाना ईसानगर जिला खीरी ।

# <u>इण्डो-नेपाल बार्डर पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस, एसएसबी व पैरामिलिट्री के जवानों द्वारा की गई संयुक्त गश्त व फ्लैग मार्च तथा मतदान के लिए किया गया जागरुक</u>









आज दिनांक- 17.03.24 को आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत इण्डो-नेपाल बॉर्डर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम के लिए,श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में पुलिस व एसएसबी तथा पैरामिलिट्री फोर्स की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित गश्त, चेकिंग व फ्लैग मार्च किया गया, पुलिस द्वारा इण्डो-नेपाल बॉर्डर से सटे गांव व नहर के रास्तों से नहर से सटे गांवों में पहुंचकर नागरिकों को लगातार मतदान के लिए जागरूक करते हुए सुरक्षा की भावना विकसित की गई

भारत नेपाल बॉर्डर पर स्थित ग्राम बनगवां,कजरिया,सरियापारा,नझोटा,रतननगर,डांग,दीपनगर,गंगानगर में पुलिस द्वारा भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया गया तथा पगडंडी, कच्चे रास्ते, नदी घाट के रास्तों पर अबैध रूप से तस्करी करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है लोगों को निर्भीक होकर किसी के प्रभाव में आये बिना स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही साथ मोहाना नदी के जलमार्ग में स्थानीय लोगों के साथ नाव के द्वारा गस्त व भ्रमण कर निगरानी की जा रही है।

जनपद लखीमपुर में भारत-नेपाल की सीमा 120 किलोमीटर के परिक्षेत्र में है जिसके अंतर्गत जनपद के चार थाने गौरीफंटा ,चंदन चौकी, तिकुनियां व संपूर्णानगर आते हैं जिनके द्वारा लगातार सीमा की निगरानी की जा रही है, बॉर्डर की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाए जाने के लिए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा कवच सेल का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत सीमा सुरक्षा के लिए अतिरिक्त 16 कवच आउटपोस्ट बनाए गए हैं जिन पर उप निरीक्षक रैंक के पुलिस अधिकारी को कवच आउट पोस्ट के प्रभारी के रूप में नियुक्ति की गई है साथ ही साथ सिपाहियों की पोस्टिंग भी की गई है जिनके द्वारा लगातार सीमा पर निगरानी करते हुए अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाई जा रही है।

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा से सटे कच्चे व पक्के मार्गों पर कुल 23 बैरियर,नाका व चेक पोस्ट का गठन तात्कालिक रूप से किया गया है जिस पर लगातार पुलिस द्वारा निगरानी करते हुए चेकिंग की जा रही है।

पुलिस एसएसबी व पैरामिलिट्री फोर्स की संयुक्त गश्त , फ्लैग मार्च व चेकिंग का नेतृत्व क्षेत्राधिकार पलिया श्री यादवेंद्र सिंह द्वारा किया गया। जिनके साथ प्रभारी निरीक्षक गोरीफंटा, श्री अवधेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया श्री मनोज सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंदन चौकी, श्री विश्वनाथ यादव, थाना प्रभारी संपूर्णानगर श्री निराला तिवारी तथा एसएसबी के जवान व एरिया डोमिनेशन के लिए आये बीएसएफ की पैरामिलिट्री फोर्स के नायक उप निरीक्षक श्री राकेश यादव व भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

**थाना ईसानगर पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा कारतूस बरामद कर अभियुक्त नफीस पुत्र आबिद अली को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना ईसानगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 17.03.2024 को संदिग्ध व्यक्ति / वाहन चेकिंग / के दौरान 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस (12बोर) के साथ अभियुक्त 1. नफीस पुत्र आबिद अली उम्र 45 वर्ष नि0 ग्राम त्रिकोलिया थाना ईसानगर जिला खीरी को सिगांवर नकैहिया तिराहा मोड से मुखबिर खास द्वारा मिली सूचना पर गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना ईसानगर पर मु0अ0सं0 94/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1. नफीस पुत्र आबिद अली उम्र 45 वर्ष नि0 ग्राम त्रिकोलिया थाना ईसानगर जिला खीरी

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0- 223/2023 धारा- 457/380 भादवि0 थाना ईसानगर जनपद खीरी ।
2. मु0अ0सं0- 280/2023 धारा- 457/380 भादवि0 थाना ईसानगर जनपद खीरी ।
3. मु0अ0सं0- 285/2023 धारा- 399,402,411,413,414 भादवि0 थाना ईसानगर जनपद खीरी ।
4. मु0अ0सं0- 287/2022 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट भादवि0 थाना ईसानगर जनपद खीरी।
5. मु0अ0स0- 406/2023 धारा- 2ख(1)/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना ईसानगर जनपद खीरी।
6. मु0अ0सं0- 94/2024 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट भादवि0 थाना ईसानगर जनपद खीरी।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 सुनील कुमार तिवारी थाना ईसानगर जिला खीरी ।
2.का0 धीरेन्द्रपाल सिहं थाना ईसानगर जिला खीरी ।
3.का0 जितेन्द्र कुमार थाना ईसानगर जिला खीरी ।
4.का0 अंकित राठी थाना ईसानगर जिला खीरी ।
5.म0का0 अर्चना भाटी थाना ईसानगर जिला खीरी

**थाना खीरी पुलिस द्वारा, चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा- कारतूस बरामद कर 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना खीरी पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त लल्लन गुप्ता पुत्र दिनेशी लाल नि0 मलूकापुर थाना भीरा जनपद खीरी से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 अदद मोटरसाईकिल व 01 अदद मोटर साइकिल चेचिस बाडी बिना इंजन की बरामद की गई। थाना खीरी पर उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत मु0अ0स0 126/24 धारा 3/25 आयुध अधि0 व मु0अ0स0 127/24 धारा 41 CRPC व 411/413 भादवि0 भादवि से संबंधित कादीपुर से मूसेपुर खुर्द की तरफ रेलवे लाईन जाने वाले चकरोड के तिराहे ओयल से दिनांक 17.03.2024 को समय करीब 11.40 बजे गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा के लिए मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

1. लल्लन गुप्ता पुत्र दिनेशी लाल नि0 मलूकापुर थाना भीरा जनपद खीरी

**बरामदगी का विवरण**

1.अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर
01 अदद मोटरसाईकिल व 01 अदद मोटर साइकिल चेचिस बाडी बिना इंजन

**आपराधिक इतिहास**

मु0अ0सं0 126/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट
मु0अ0स0 127/24 धारा 41 CRPC व 411/413 भादवि
मु0अ0स0 11/24 धारा 379 भादवि कोत0 सदर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

1. उ0नि0 श्री लल्ला गोस्वामी चौकी प्रभारी ओयल थाना व जिला खीरी
2. उ0नि0 श्री लाल बहादुर मिश्र थाना व जिला खीरी
3. का0 धीरज कुमार थाना व जिला खीरी
4. का0 अंकित कुमार थाना व जिला खीरी
5. का0 अनूप कुमार थाना व जिला खीरी

**थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा कस्बा मैगलगंज से मोबाइल की दुकान से चोरी किए गए कुल 08 अदद एंड्राइड मोबाइल फोन व अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 17.03.2024 को मु0अ0सं0-61/2024 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गण 01.कपिल पुत्र फैय्याज नि0 मो0रामनगर कस्बा व थाना मैगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी, 02. सुरजीत कश्यप पुत्र छोटेलाल नि0मो0कैलाशपुरी कस्बा व थाना मैगलगंज जनपद खीरी को मय चोरी किये गये कुल 08 अदद एंड्राइड मोबाइल व अभियुक्त कपिल उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद अवैद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**पंजीकृत अभियोग**

मु0अ0सं0-63/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मैगलगंज खीरी बनाम कपिल उपरोक्त

**गिरफ्तार अभियुक्त गणों का विवरण**

01.कपिल पुत्र फैय्याज नि0 मो0रामनगर कस्बा व थाना मैगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी,
02.सुरजीत कश्यप पुत्र छोटेलाल नि0मो0कैलाशपुरी कस्बा व थाना मैगलगंज जनपद खीरी।

**अभियुक्त गणों से बरामदगी का विवरण**

चोरी किये गये कुल 08 अदद एंड्राइड मोबाइल।
01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

01.उ0नि0 विनोद सिंह थाना मैगलगंज जनपद खीरी,
02.हे0का0 गेंदालाल थाना मैगलगंज जनपद खीरी,
03.का0 बादल थाना मैगलगंज जनपद खीरी।

**<u>महिला थाना पुलिस द्वारा पारिवारिक कलह के कारण टूटने के कगार पर पहुंचे परिवारों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया गया</u>**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में, प्रभारी महिला थाना जनपद खीरी द्वारा पारिवारिक विवादों में सुलह समझौते से निपटारा कराया गया है। पारिवारिक कलह के कारण टूटने के कगार पर पहुंचे परिवारों को जोडने का सराहनीय कार्य महिला थाना पुलिस द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.03.2024 को महिला थानाध्यक्ष द्वारा थाने पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों जो की घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, घर में रहने को लेकर विवाद की शिकायतों से सम्बंधित थे परिवारो को विघटन से बचाने के लिए दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह समझौता कराया गया है थाना भीरा क्षेत्र के निवासी श्रीमती अनीता पत्नी रविशंकर, थाना पढुवा निवासी श्रीमती शालिनी पत्नी अरविंद, थाना हैदराबाद निवासी जूली पत्नी पंकज इस तरह लगभग 21 मामलों में सुलह समझौता करवाया गया है। जिन मामलों में अधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने का समय दिया गया है। सुलह समझौते में महिला थाना प्रभारी सुनीता कुशवाहा, मुख्य महिला आरक्षी शशी प्रभा, महिला आरक्षी रेनू सिंह, सुमन लता, सीता, व रेखा गौड़ का काफी सराहनीय कार्य रहा है।

## वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

1-थाना मैलानी पुलिस द्वारा, अ0सं0 15305/20 में वारंटी अभियुक्त अमित सिंह पुत्र नन्हे नि0 कस्वा व थाना मैलानी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

### थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, जुआं खेलते हुए 05 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें बरामद कर गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा जुआं खेलते हुए कुल 05 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें व कुल 28200/- रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना मोहम्मदी पर मु0अ0सं0 175/24 धारा 13 जुआं अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, 950 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर 01 नफर अभियुक्त मोहित राज पुत्र जगतपाल को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली सदर पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त मोहित राज पुत्र जगतपाल नि0 रामापुर थाना कोतवाली सदर को गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध मे थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 205/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना भीरा पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर 01 नफर अभियुक्त मनी गुप्ता पुत्र विजयपाल गुप्ता को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना भीरा पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त मनी गुप्ता पुत्र विजयपाल गुप्ता थाना भीरा जनपद खीरी को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद अवैध कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना भीरा पर मु0अ0सं0 110/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना धौरहरा पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर 01 नफर अभियुक्त मनी गुप्ता पुत्र विजयपाल गुप्ता को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना धौरहरा पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त आशाराम पुत्र रामनरेश नि0 खैराहनी थाना निघासन जनपद खीरी को 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद अवैध कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना धौरहरा पर मु0अ0सं0 132/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## **थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर 01 नफर अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र खुशीराम को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली सदर पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र खुशीराम नि0 रामापुर थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद अवैध कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 206/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## **अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 285 लीटर अवैध शराब बरामद कर 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **285 लीटर अवैध शराब** व **04 शराब भट्टी** बरामद कर **14 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **14 अभियोग** पंजीकृत किए गए।